# 10 फरवरी को एक साथ सभी 75 जिलों में निवेश

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के दिन 10 फरवरी को एक साथ सभी 75 जिलों में निवेश होगा और औद्योगिक विकास की संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 10-12 फरवरी तक होने वाली जीएसआई अभूतपूर्व होने जा रही है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार शाम अपने आवास पर आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में मंत्रियों से जीएसआई और जी-20 के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की। इस मौके पर कहा कि देश और विदेश में हुए रोड शो के साथ-साथ जिला स्तरीय निवेशक सम्मेलनों में उत्साहजनक परिणाम देखने को मिले हैं। मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने जिलों के कार्यक्रम में स्थानीय

## मुख्यमंत्री ने कहा, विदेश से लेकर जिले तक में निवेशक उत्साहित

उद्यमियों व निवेशकों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए। कहा कि यह पहली बार होगा कि जब एक दिन एक साथ प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश होगा।

**निकाय से लोकसभा चुनाव तक के लिए फील्ड में उतरेंगे मंत्री :** बैठक में यह भी तय हुआ कि निकाय चुनाव में प्रदेश के सभी नगर निगमों और निकायों में कमल खिलाने से लेकर लोकसभा चुनाव में मिशन 80 को पूरा करने के लिए योगी सरकार के मंत्री फील्ड में उतरेंगे। मंत्री जिलों में जाकर समस्याओं का समाधान करेंगे और जनता से सीधा संवाद कर उनकी शिकायतों का निस्तारण करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को चुनाव के मद्देनजर केंद्र व प्रदेश सरकार



मुख्यमंत्री ने शनिवार को सभी मंत्रियों व अधिकारियों को मोटे अनाज का भोज दिया। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को अपने क्षेत्र में मोटे अनाज के सहभोज कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। -विज्ञप्ति

की योजनाओं को धरातल पर उतारकर अंत्योदय को साकार करने और जनता के बीच सरकार के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने का एजेंडा सौंपा।